
# 1 भाषा (Language)




मानव के मन में अनेक विचार उठते हैं जिन्हें प्रकट करने के लिए वह भाषा का सहारा लेता है। **भाषा** वह साधन है, जिसके द्वारा हम अपने भावों और विचारों को बोलकर अथवा लिखकर प्रकट करते हैं तथा दूसरों के विचारों को सुनकर या पढ़कर समझते हैं।

ऊपर बने चित्र में आपने देखा, अध्यापिका विद्यार्थी (राजू) से बोलकर प्रश्न पूछ रही है तथा राजू सुनकर अध्यापिका की बात का जवाब दे रहा है। कहने का अर्थ यह है कि हमें अपनी बात दूसरों तक पहुँचाने के लिए बोलना पड़ता है। बात सुनकर दूसरा व्यक्ति उसे समझता है और फिर उत्तर देता है। जैसे: – पशु-पक्षी भी अपनी बोली में एक-दूसरे से बात करते हैं, परंतु जानवरों की बोली भाषा नहीं कहलाती।

हमने पिछली कक्षा में पढ़ा था। भाषा के तीन रूप होते हैं, परंतु भाषा के मुख्य दो ही रूप होते हैं–







Scanned with CamScanner

Class - 3

## ❖ मौखिक भाषा

मुख से बोलकर अपनी बात दूसरों तक पहुँचाना और सुनकर दूसरों के मन के भावों को समझना ही भाषा का **मौखिक रूप** कहलाता है; जैसे :-






## ❖ लिखित भाषा

लिखकर अपनी बात दूसरों तक पहुँचाना और पढ़कर दूसरे के मन के भावों को समझना भाषा का **लिखित रूप** कहलाता है; जैसे :-





## ❖ अन्य भाषाएँ

भाषा का क्षेत्र व्यापक है। भारत के विभिन्न राज्यों में अलग-अलग भाषाएँ बोली जाती हैं; जैसे-पंजाब में पंजाबी, कर्नाटक में कन्नड़, गुजरात में गुजराती, बंगाल में बंगाली, कश्मीर में कश्मीरी, महाराष्ट्र में मराठी आदि।












Scanned with CamScanner

Class-3

## लिपि

मौखिक ध्वनियों के लिखित रूप के लिए निश्चित किए गए चिह्न **लिपि** कहलाते हैं।

| भाषा | लिपि | भाषा | लिपि |
|---|---|---|---|
| उड़िया | उड़िया | बांग्ला | बांग्ला |
| हिंदी | देवनागरी | उर्दू | फ़ारसी |
| अंग्रेज़ी | रोमन | पंजाबी | गुरुमुखी |

## आइए दोहराएँ (Let's Recall)

- वे साधन, जिसके द्वारा हम अपने भावों और विचारों को बोलकर अथवा लिखकर प्रकट करते हैं तथा दूसरों के विचारों को सुनकर या पढ़कर समझते हैं, भाषा कहलाते हैं।
- भाषा के मुख्य दो रूप होते हैं– मौखिक भाषा और लिखित भाषा ।
- भारत के विभिन्न राज्यों में अलग-अलग भाषाएँ बोली जाती हैं ; जैसे-महाराष्ट्र में मराठी, गुजरात में गुजराती आदि।
- किसी भाषा को लिखने का तरीका लिपि कहलाता है।

## रचनात्मक मूल्यांकन (Formative Evaluation)

### सोचो और बताओ–

(क) प्रेमचंद का 'गोदान' उपन्यास भाषा का कौन-सा रूप है?

(ख) कक्षा में कविता सुनाना भाषा का कौन-सा रूप है?

(ग) पंजाब में कौन-सी भाषा बोली जाती है?

## संकलित मूल्यांकन (Summative Evaluation)

### निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो–

(क) भाषा की परिभाषा लिखो।

..........................................................................................



Scanned with CamScanner

Class - 3

(ख) भाषा के रूपों को उदाहरण सहित स्पष्ट करो।

..............................................................................................

(ग) लिपि किसे कहते हैं ? उर्दू तथा पंजाबी भाषा की लिपियों के नाम लिखो।

..............................................................................................

(घ) हमारे देश में बोली जाने वाली किन्हीं चार भाषाओं के नाम लिखो।

..............................................................................................

## 2. सही शब्द से रिक्त स्थान भरो–

| दो | लिखित | रोमन | मौखिक | व्यापक |
|---|---|---|---|---|

(क) भाषा का क्षेत्र ...................... है।

(ख) भाषा के ...................... रूप होते हैं।

(ग) लिखकर अपनी बात दूसरों तक पहुँचाना भाषा का ...................... रूप कहलाता है।

(घ) बोलकर अपनी बात दूसरों तक पहुँचाना भाषा का ...................... रूप कहलाता है।

(ङ) अंग्रेज़ी भाषा की लिपि ...................... है।

## 3. सही मिलान करो–

| | |
|---|---|
| महाराष्ट्र | पंजाबी |
| बंगाल | गुजराती |
| पंजाब | मराठी |
| कर्नाटक | कश्मीरी |
| गुजरात | कन्नड़ |
| कश्मीर | बंगाली |



Scanned with CamScanner

4. **निम्नलिखित स्थितियों में भाषा के कौन-से रूप का प्रयोग होता है? सही उत्तर पर ( ✓ ) का चिह्न लगाओ–**

(क) विद्यार्थी वाद-विवाद प्रतियोगिता में 'कंप्यूटर' विषय पर बोल रहा है।

मौखिक भाषा ☐ लिखित भाषा ☐

(ख) राजू प्रधानाचार्य को दो दिन का अवकाश पत्र लिख कर दे रहा है।

मौखिक भाषा ☐ लिखित भाषा ☐

(ग) पापा जी समाचार पत्र पढ़ रहे हैं।

मौखिक भाषा ☐ लिखित भाषा ☐

(घ) मोनिका अपनी सहेली से फ़ोन पर बात कर रही है।

मौखिक भाषा ☐ लिखित भाषा ☐

5. **निम्नलिखित भाषाओं की लिपियाँ लिखो–**

उड़िया – ..................................

हिंदी – ..................................

अंग्रेज़ी – ..................................

उर्दू – ..................................

6. **सही कथन पर ( ✓ ) और गलत कथन पर ( ✗ ) का चिह्न लगाओ–**

(क) मन के भावों तथा विचारों को प्रकट करने का साधन ही भाषा है। ☐

(ख) भारत के विभिन्न राज्यों में अलग-अलग भाषाएँ बोली जाती हैं। ☐

(ग) संस्कृत भाषा की लिपि देवनागरी है। ☐

(घ) जानवरों की बोली भाषा कहलाती है। ☐

(ङ) आंध्रप्रदेश की भाषा तेलुगू है। ☐



Scanned with CamScanner

# M.K.D. PUBLIC SCHOOL

**Sarai Rai Chanda, Mungra Badshahpur, Jaunpur,**

## Session – 2020-21

**Class-3rd**

**विषय – हिन्दी व्याकरण**

---

## पाठ – 1 'भाषा'

1. भाषा वह साधन है जिसके द्वारा हम अपने भावों और विचारों को बोलकर अथवा लिखकर प्रकट करते हैं तथा दूसरों के विचारों को सुनकर या पढ़कर समझते हैं।

2. भाषा के मुख्य दो रुप होते हैं-
   1 मौखिक भाषा। 2 लिखित भाषा।

3. भारत के विभिन्न राज्यों में अलग-अलग भाषाएँ बोली जाती है, जैसे- महाराष्ट्र में मराठी, कर्नाटक में कन्नड, बंगाल में बंगाली आदि।

4. मौखिक ध्वनियों के लिखित रुप के लिए निश्चित किए गए चिन्ह लिपि कहलाते हैं जैसे-

| भाषा | लिपि |
|---|---|
| हिन्दी | देवनागरी |
| अंग्रजी | रोमन |
| उर्दू | फारसी |
| पंजाबी | गुरुमुखी |
| बांग्ला | बांग्ला |

उपरोक्त बिन्दुओं को ध्यानपूर्वक पढो और नीचे दिए गये प्रशनों के उत्तर दो-

(i) भाषा किसे कहते हैं?

(ii) भाषा के मुख्य कितने रुप होते है?

(iii) लिपि किसे कहते हैं?

M.K.D. PUBLIC SCHOOL

**(iv) हमारे देश में बोली जाने वाली किन्हीं चार भाषाओं के नाम व लिपि लिखिए।**

**5. सही शब्द से रिक्त स्थान भरो-**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **दो,** | **लिखित,** | **रोमन,** | **मौखिक,** | **व्यापक** |

(क) भाषा का क्षेत्र .............................. है।

(ख) भाषा के............................ रुप होते है।

(ग) लिखकर अपनी बात दूसरों तक पहुँचाना भाषा का .................. रुप कहलाता है।

(घ) बोलकर अपनी बात दूसरों तक पहुँचाना भाषा का ..................... रुप कहलाता है।

(ङ) अंग्रजी भाषा की लिपि है।

**6. सही मिलान करो-**

| | |
|---|---|
| **महाराष्ट्र** | **पंजाबी** |
| **बंगाल** | **गुजराती** |
| **पंजाब** | **मराठी** |
| **कर्नाटक** | **कश्मीरी** |
| **गुजरात** | **कन्नड़** |
| **कश्मीर** | **बंगाली** |

M.K.D.PUBLIC SCHOOL